



Scanned with CamScanner


1



# आओ दोहराएँ वर्णमाला

## स्वर

अ



अनार

आ



आम

इ



इमली

ई




ईख

उ



उल्लू

ऊ




ऊन

ऋ




ऋषि

ए



एकतारा

ऐ



ऐनक

ओ



ओखली

औ



औरत

अं



अंगूर

अः

अः

**शिक्षणार्थ निर्देश :** शिक्षक/शिक्षिका पहले स्वयं उच्चारण करें; जैसे– अ से अनार। फिर बच्चों से स्पष्ट उच्चारण करवाएँ। बच्चों को बताएँ कि अ से लेकर औ तक के वर्ण स्वर कहलाते हैं। स्वर ग्यारह होते हैं। अं और अः स्वर नहीं हैं। फिर भी, इन्हें स्वरों के साथ पढ़ा जाता है क्योंकि इनका उच्चारण स्वरों की तरह ही होता है।




Scanned with CamScanner

# व्यंजन

क

कबूतर

ख

खरगोश

ग


गमला

घ

घड़ी

ङ



च

चरखा

छ

छतरी

ज


जहाज

झ

झंडा


ञ




ट

टमाटर

ठ

ठठेरा

ड

डमरू

ढ

ढक्कन

ण



**शिक्षणार्थ निर्देश :** शिक्षक/शिक्षिका पहले स्वयं उच्चारण करें; जैसे– क से कबूतर। फिर बच्चों से स्पष्ट उच्चारण करवाएँ। 'जहाज' का उच्चारण स्वयं 'जहाज़' की भाँति करें और बच्चों से भी उस उच्चारण का अनुकरण करवाएँ। बच्चों को बताएँ कि क से लेकर ह तक के वर्ण व्यंजन कहलाते हैं। व्यंजनों की संख्या तैंतीस होती है। बच्चों को बताएँ कि ङ, ञ और ण किसी शब्द में पहले नहीं आते हैं।





Scanned with CamScanner

त



तरबूज

थ



थरमस

द



दवात

ध



धनुष

न



नल

प




पतंग

फ



फल

ब



बतख़

भ



भगत

म



मछली

य



यज्ञ

र



रथ

ल



लट्टू

व



वन


**शिक्षणार्थ निर्देश :** बच्चों को बताएँ कि ङ, ञ, ण, न और म को पंचम वर्ण कहा जाता है। 'तरबूज' का उच्चारण स्वयं 'तरबूज़' की भाँति करें और बच्चों से भी ज़ पर ज़ोर देते हुए उच्चारण करवाएँ।

श



शलगम

ष




षट्कोण

स



सपेरा

ह



हल

## संयुक्त व्यंजन

क्ष



क्षत्रिय

त्र



त्रिशूल

ज्ञ



ज्ञानी


श्र



श्रमिक

## कुछ और वर्ण

ड़



रबड़

ढ़



पढ़ना

ज़

फ़

**शिक्षणार्थ निर्देश :** बच्चों को बताएँ कि क्ष, त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं। संयुक्त व्यंजन दो व्यंजनों को मिलाकर बनते हैं। ज़ और फ़ को आगत वर्ण कहते हैं। इनमें नुक्ता लगा होता है। इनके उच्चारण क्रमश: ज और फ से अलग होते हैं।





Scanned with CamScanner

# अभ्यास

Comprehension Skills
- Matching
- Writing

**1. चित्रों को उनके नाम से मिलाइए–**







ईख

ऊन

औरत

आम

ऋषि

अनार







**2. अधूरी वर्णमाला पूरी कीजिए–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | | | ई | | | | ए | ऐ | |
| | अं | अः | | | | | | | |
| क | | | | | च | | | झ | |
| | | ड | | | त | | | | न |
| | | | भ | म | | | | व | |
| श | | स | | क्ष | | | श्र | | |







# अमात्रिक शब्दों की दुनिया

## दो वर्णों से बने शब्द

### देखिए और पढ़िए–



ब + स = बस



र + थ = रथ

| | | | |
|---|---|---|---|
| घर | पर | हर | डर |
| छत | मत | नल | चल |
| घट | रट | अब | जब |
| कह | रह | वह | सह |
| मन | धन | तन | जन |





यश छत पर मत चढ़। अब फल चख। नल पर चल कर जल भर। जग भर कर रख। अब डर मत। रथ पर चढ़। रथ पर चढ़ कर घर चल। हर पल हठ मत कर।



# तीन वर्णों से बने शब्द

देखिए और पढ़िए-





क + म + ल = कमल

ब + त + ख = बतख

| | | | |
|---|---|---|---|
| लहर | नहर | पहर | शहर |
| महक | चहक | लहक | बहक |
| नमक | चमक | दमक | लपक |
| हवन | अमन | जतन | रतन |
| नमन | चमन | वतन | रमन |







कनक इधर उधर मत टहल। अगर मगर मत कर। उस डगर प
चल। कलश रख कर शहर चल। पलक झगड़ मत। नमन कर। बहस मत कर। मदद कर। अजय इधर चल। खटर पटर मत कर। नरम नरम मटर चख।

# चार वर्णों से बने शब्द


## देखिए और पढ़िए–





**श + ल + ग + म = शलगम** **उ + प + व + न = उपवन**

| | | |
|---|---|---|
| सरकस | अमरस | थरमस |
| शरबत | तरकश | बरगद |
| अचरज | गरदन | चमचम |
| बचपन | पचपन | अनबन |
| कटहल | सरपट | झटपट |





शबनम झटपट उठ। अब पनघट पर चल। छम छम मत कर। थरमस भर कर रख। शरबत चख। अनवर अचकन पहन। टमटम पर चढ़। तरकश उधर रख। नटखट मत बन। कसरत कर। अचरज मत कर। शलगम चख।



# अभ्यास

**1. चित्र देखकर उनके नाम पूरे कीजिए-**






| | | | |
|---|---|---|---|
| फ___ | ब___न | ___जगर | ___र |

**2. चित्रों को उनके नाम से मिलाइए-**




कलश

थरमस




नल

पनघट




कमल

वन

**3. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए-**

म + न = ..............................

भ + व + न = ..............................

न + म + क = ..............................

ब + च + प + न = ..............................

न + ट + ख + ट = ..............................



Scanned with CamScanner

# गाएँ-गुनगुनाएँ

## चल अब घर चल



अनबन मत कर।
नटखट मत बन।
तन कर मत चल।
सच कह डर मत।
रथ पर चढ़।
खटपट मत कर।
झटपट नल तक चल।
पनघट पर जल भर।
नहर नहर पर ठहर ठहर।
कलश भर कर शहर चल।
अगर मगर अब मत कर।
चल अब चल घर।




Scanned with CamScanner






# आ की मात्रा ( ा )



ह + ा + थ = हाथ


छ + ा + त + ा = छाता





ग + म + ल + ा = गमला

अ + न + ा + र = अनार




## आ ( ा ) हमारे आस-पास–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दादा | चाचा | पापा | मामा | नाना | काका |
| ताला | माला | नाला | जाला | खाना | जाना |
| तबला | बदला | कमला | गमला | कमरा | तगड़ा |
| सामान | आकाश | बादाम | मसाला | चावल | पालक |

## आ ( ा ) को पढ़ें–

आज राजा बाजार गया। आम और गाजर लाया। आम खाया। गाजर का सलाद बनाया। राधा गाजर का हलवा लाई।







# गाएँ-गुनगुनाएँ

## सावन आया

मनभावन सावन आया।
राजा आया। गाना गाया।
आसमान पर बादल छाया।
गरज-गरज कर जल बरसाया।
आया आया लाला आया।
छाता लगा कर लाला आया।
छाता उसका काला काला।
बादल गरजा डर गया लाला।



**शिक्षणार्थ निर्देश :** शिक्षक/शिक्षिका श्यामपट पर व्यंजन लिखकर उनमें आ की मात्रा (ा) जोड़कर दिखाएँ। बच्चों से का, खा, गा, घा इत्यादि का स्पष्ट उच्चारण करवाएँ। उच्चारण के आधार पर बच्चों को 'क' और 'का' में अंतर समझाएँ। सभी व्यंजनों में 'आ' की मात्रा लगाकर बच्चों से वाचन करवाएँ। आस-पास 'आ' की मात्रा वाली जितनी वस्तुएँ दिखाई दें, उनके नाम बच्चों से पूछें।



Scanned with CamScanner

Comprehension Skills
- Fill in the Blanks
- Matching
- Word Formation
- Writing
- Dictation

# अभ्यास

1. चित्र देखकर उनके नाम पूरे कीजिए–







| | | | |
|---|---|---|---|
| क न | ह थ | त ल ब | ब द म |






| | | | |
|---|---|---|---|
| ज ल | क ल | त ल | च द र |


2. चित्रों को उनके नाम से मिलाइए–



पापड़
माला
कान
तबला
हलवा
बादल
गाजर
छाता





Scanned with CamScanner

### 3. छूटी हुई मात्रा लगाकर सही शब्द बनाकर लिखिए–



1↓ त, ☐, ल, ☐


2→ म क ☐ न





4↓ ब, ☐, द, ☐, म

3→ त ल व ☐ र



1. .................. 2. .................. 3. .................. 4. ..................

### 4. नए शब्द बनाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| मन → | मान | मना | माना |
| कल → | .................. | .................. | .................. |
| तल → | .................. | .................. | .................. |
| जग → | .................. | .................. | .................. |
| पल → | .................. | .................. | .................. |

### 5. सुलेख लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| बाजा | आकाश | तबला | गमला |
| | | | |
| | | | |





Scanned with CamScanner






# इ की मात्रा ( ि )





च + ि + ड़ + ि + य + ा

चि + ड़ि + या

**चिड़िया**

क + ि + स + ा + न

कि + सा + न

**किसान**

## इ ( ि ) हमारे आस-पास–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दिन | गिन | पिन | हिल | मिल | दिल |
| खिला | पिला | दिला | सिला | मिला | किला |
| सितार | गिटार | सियार | शिकार | निखार | विमान |
| रिमझिम | झिलमिल | हिलमिल | किशमिश | साइकिल | नारियल |

## इ ( ि ) को पढ़ें–

किरन इधर आ। साइकिल चलाकर बाजार जा। किशमिश ला। बिटिया डिबिया इधर रख। सितार बजा। रिमझिम हिसाब गड़बड़ मत कर। किताब उधर रख।



## गाएँ-गुनगुनाएँ

# दिन निकला

दिन निकला फिर बिटिया आई।
खटिया और तकिया लाई।
चिनमिन चिड़िया उड़कर आई।
चिड़िया दाना तिनका लाई।
रिमझिम रिमझिम बारिश आई।
रवि नाचा तब अदिति हरषाई।



शिक्षणार्थ निर्देश : बच्चों को चित्र दिखाकर 'इ' की मात्रा (ि) वाले शब्दों का अभ्यास करवाएँ। उन्हें बताएँ कि 'इ' की मात्रा का उच्चारण करते समय कम ज़ोर देना होता है। 'इ' की मात्रा व्यंजन के बाद बोली जाती है; जैसे– 'क में इ की मात्रा' परंतु व्यंजन से पहले (कि) लिखी जाती है। व्यंजन से पहले आने वाली एकमात्र मात्रा 'ि' की ही होती है।


# अभ्यास

**Comprehension Skills**
- Complete the Words
- Matching
- Logical Analysis
- Dictation
- Art Skills

**1. चित्र देखकर उनके नाम पूरे कीजिए–**


क व


कसान


ड लया



कला


गलास


च ड़या

**2. चित्रों को उनके नाम से मिलाइए–**






तकिया
किताब
सितार
गिरगिट
बारिश
साइकिल
हिरण
विमान








Scanned with CamScanner

3. सही शब्द पर सही का निशान ( ✓ ) लगाइए–

| | | |
|---|---|---|
| गटरा ☐ | गाटरा ☐ | गिटार ☐ |
| हिसाब ☐ | हिसब ☐ | हसाब ☐ |
| चिड़या ☐ | चिड़िया ☐ | चड़िया ☐ |
| नारियल ☐ | नारयल ☐ | नरयिल ☐ |

4. सुलेख लिखिए–

किसान बारिश धनिया निखार

5. बिंदु मिलाकर चित्र पूरा कीजिए और उसमें रंग भरिए–

